राष्ट्रीय संस्करण
CopyRight - Jagran.com

20 हजारी बने विराट, सबसे कम पारियों में हासिल किया यह मुकाम

>> 12

वर्ष 3 अंक 18

दैनिक जागरण

मूल्य ₹5 .00, नई दिल्ली, शुक्रवार, 28 जून 2019

www.jagran.com

पृष्ठ 14

भारत को घटानी होंगी अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क की दरें : ट्रंप

तल्ख तेवर ▶ मोदी से मुलाकात से कुछ घंटे पहले ट्वीट कर कहा, शुल्क वृद्धि अस्वीकार्य

चीन की तरह भारत के साथ भी व्यापार युद्ध का मोर्चा खोलने के संकेत

जयप्रकाश रंजन, नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच कारोबारी मुद्दों पर बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्वीट कर कहा है, 'मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहने जा रहा हूं कि भारत वर्षों से अमेरिका के खिलाफ काफी ज्यादा सीमा शुल्क लगाता रहा है, हाल में इसने सीमा शुल्क की दरें और बढ़ा दी हैं। यह अस्वीकार्य है और इसे वापस लेना होगा।' इस ट्वीट से लगता है कि चीन के साथ बेहद तल्ख व्यापार युद्ध लड़ रहे ट्रंप अब भारत के साथ भी ऐसा ही मोर्चा खोलने को तत्पर दिखाई दे रहे हैं। अगर ऐसा नहीं होता तो ट्रंप ने ऐसी तीखी टिप्पणी नहीं की होती। खासकर तब जबकि कुछ ही घंटे बाद उनकी जापान में मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता होनी है।

इस ट्वीट ने साफ कर दिया है कि जापान के शहर ओसाका में शुक्रवार को मोदी और ट्रंप के बीच होने वाली मुलाकात बहुत अच्छे माहौल में नहीं होने जा रही है और इसमें कारोबार से जुड़े मुद्दे ही हावी रहेंगे। कारोबारी मुद्दे दोनों देशों के बीच पिछले कुछ महीनों से कुछ ज्यादा ही अड़चनें खड़ी करने लगे हैं। पिछले दो महीने में कई बार बातचीत के बावजूद भारत झुकता नहीं दिख रहा। दूसरी तरफ, ट्रंप का संकेत साफ है कि चीन के बाद वह भारत के साथ भी व्यापार युद्ध जैसी स्थिति बनाने से गुरेज नहीं करेंगे। यह राजनीतिक तौर पर उन्हें सूट करता है। वह सार्वजनिक तौर पर कई बार भारत में मोटर साइकिलों पर लगाए जाने वाले सीमा शुल्क की उच्च दर की निंदा कर चुके हैं।

वाशिंगटन में जी-20 सम्मेलन के लिए रवाना होने से पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप। रायटर

यह सब नहीं देखते ट्रंप

- दोनों देशों के बीच कारोबार में 2018 में 12.6 फीसद वृद्धि हुई
- व्यापार घाटा 1.6 अरब डॉलर कम होकर 24.2 अरब डॉलर हुआ
- पिछले 11 वर्षों में अमेरिका से रक्षा आयात शून्य से 18 अरब डॉलर हुआ

अमेरिका ने जीएसपी से बाहर किया तो भारत ने बढ़ाया शुल्क : मई में भारत दौरे पर आए अमेरिकी वाणिज्य सचिव विल्बुर रॉस ने ज्यादा शुल्क का मुद्दा उठाया था। उसके बाद ही अमेरिका ने कारोबार में वरीयता देने वाली सूची से भारत को बाहर कर अपनी मंशा जता दी थी। इसके बाद भारत ने भी 27 अमेरिकी उत्पादों पर सीमा शुल्क की दरें बढ़ा दी हैं, जिसका जिक्र ट्रंप ने अपने ट्वीट में किया है। बुधवार को अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोंपियो और भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बीच वार्ता में यह मुद्दा उठा था। लेकिन इसे सुलझाने का कोई रोडमैप नहीं बन पाया था।

शुल्क दरें नहीं, बल्कि कुछ और ही है अमेरिका की मंशा

जानकारों की मानें तो अमेरिका मुख्य तौर पर सीमा शुल्क की उच्च दरों को लेकर बेचैन नहीं है बल्कि उसकी मंशा डाटा लोकलाइजेशन, ई-कॉमर्स, चीनी कंपनी हुआवे को लेकर भारत पर दबाव बनाने की है। भारत ने यहां वित्तीय लेन-देन करने वाली हर कंपनी के लिए स्थानीय स्तर पर डाटा रखना अनिवार्य कर दिया है। साथ ही ई-कॉमर्स के नियमों में बदलाव किया है जिसे विदेशी कंपनियों के हितों के खिलाफ माना जा रहा है। इन दोनों कदमों से गूगल, वाट्सएप और अमेजन जैसी अमेरिकी कंपनियों को परेशानी हो रही है। अमेरिका यह भी चाहता है कि उसके आटोमोबाइल, अल्कोहल, मेडिकल और डेयरी उत्पादों के आयात पर मौजूदा शुल्क दरें घटाई जाएं। इसके अलावा अमेरिका एच-1बी वीजा के मुद्दे पर भी भारत पर लगातार दबाव बना रहा है। अब देखना है कि ट्रंप और मोदी की मुलाकात इन मुद्दों को सुलझाने की कोई राह निकाल पाती है या नहीं।

नई बुलंदियों पर भारत व जापान संबंध : मोदी

ओसाका में गुरुवार को जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उनके जापानी समकक्ष एबी शिंजो ने गर्मजोशी से स्वागत किया। एएफपी

ओसाका, प्रेट्र : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि कार बनाने में सहयोग से शुरू हुआ भारत-जापान संबंध अब बुलेट ट्रेन के निर्माण के साथ नई बुलंदियों तक पहुंच गया है। जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने यहां पहुंचे मोदी ने जापान के अपने समकक्ष एबी शिंजो के साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था, भगोड़े आर्थिक अपराधियों और आपदा प्रबंधन जैसे अहम मुद्दों पर भी चर्चा की और अक्टूबर में होने वाले सम्राट नारुहितो के राज्याभिषेक कार्यक्रम में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के शिरकत करने का एलान किया।

जापान में रीवा युग की शुरुआत और मोदी के दोबारा पीएम बनने के बाद दोनों नेताओं की यह पहली भेंट थी। मोदी ने शिंजो और जापान के नागरिकों को रीवा युग की शुरुआत के लिए बधाई दी। एक मई को नए सम्राट नारुहितो के पद संभालने के साथ ही जापान में रीवा युग की शुरुआत हो गई। जापान में सम्राट के बदलने के साथ ही युग बदल जाता है। रीवा नए युग के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है। यह दो अक्षरों 'री' और 'वा' से मिलकर बना है, जिसमें री का अर्थ है 'आदेश' या 'शुभ' अथवा 'अच्छा' और वा का अर्थ होता है 'भाईचारा'। जापानी भाषा में इस शब्द का इस्तेमाल 'शांति' के लिए भी किया जाता है। मोदी ने अपने साथ जी-20 सम्मेलन में हिस्सा लेने जापान पहुंचे भारतीय प्रतिनिधिमंडल के गर्मजोशी से स्वागत के लिए शिंजो का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने जी-20 के अध्यक्ष के रूप में जापान के नेतृत्व की भी प्रशंसा की। मोदी ने कहा, वह वार्षिक शिखर बैठक के लिए इस साल शिंजो की भारत यात्रा को लेकर उत्सुक हैं। बाद में मीडिया को संबोधित करते हुए विदेश सचिव विजय गोखले ने कहा, दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच बैठक गर्मजोशी भरी रही, जो पुराने दोस्त भी हैं। दोनों के बीच द्विपक्षीय रिश्तों पर काफी रचानात्मक और विस्तृत चर्चा हुई। 'शिंजो ने जी-20 सम्मेलन से अपेक्षाओं के साथ चर्चा शुरू की। उन्होंने वैश्विक अर्थव्यवस्था पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व पर भी बात की।' शिंजो ने भगोड़े आर्थिक अपराधियों के मुद्दे पर पिछले जी-20 सम्मेलन के दौरान मोदी की पहलों का भी जिक्र किया और कहा कि जी-20 को भ्रष्टाचार विरोधी उपायों के तहत इस समस्या से निपटना चाहिए।

- भारत-जापान के बीच भगोड़े आर्थिक अपराधियों, आपदा प्रबंधन व वैश्विक अर्थव्यवस्था पर हुई चर्चा
- बोले, दुनिया में अवसरों का 'गेटवे' बना भारत, सबके विश्वास ने दी ताकत

कार निर्माण से बुलेट ट्रेन तक बढ़ा सहयोग : प्रधानमंत्री मोदी ने जापान के कोबे शहर में गुरुवार को भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा, 'नए भारत' में दोनों देशों के संबंध और मजबूत होंगे। उन्होंने कहा, भारत-जापान के बीच कार बनाने में सहयोग से संबंध की शुरुआत हुई थी जो अब बुलेट ट्रेन के निर्माण तक पहुंच गया है। मोदी ने कहा, ' भारत के दुनिया के साथ संबंध की बात आती है तो उसमें जापान का अहम स्थान है। यह संबंध शताब्दियों पुरानी है। इसमें एक-दूसरे की संस्कृति और सभ्यता के प्रति सम्मान है।'

प्रधानमंत्री ने कहा, भारत अगले पांच वर्ष में पांच खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखता है। इस लिहाज से दोनों देशों के संबंध और मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि दुनिया आज भारत को संभावनाओं के 'गेटवे' के तौर पर देखती है।

मोदी बोले, गांधीजी के 'बंदरों' का जन्मदाता है जापान पेज>>11

सरोकार

गरीबों की सेहत सुधार रहा चलता-फिरता चिकित्सालय

पटना : बिहार के प. चंपारण स्थित बगहा एक प्रखंड में चल रहा चलता-फिरता चिकित्सालय गरीबों के लिए किसी देवालय' से कम नहीं है। इससे बगहा अनुमंडल के तीन विधानसभा क्षेत्रों में स्थित दूरदराज के ग्रामीणों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। (पेज-13)

जागरण विशेष

... कोई साथी करंट से न मरे

कानपुर : कानपुर विद्युत आपूर्ति कंपनी (केस्को) के संविदा कर्मचारी विपिन कुमार ने ऐसा हेलमेट तैयार कर दिया, जो बिजली लाइन पर काम करने वाले उनके साथियों को करंट लगने के कारण मौत के मुंह में जाने से रोक देगा। हेलमेट पोल और लाइन में प्रवाहित करंट की जानकारी दस से बीस फीट पहले ही दे देगा। (पेज-13)

हमारी सरकार

हरसिमरत कौर बादल
केंद्रीय खाद्य एवं प्रसंस्करण उद्योग मंत्री

बेखौफ और बेबाक तेवर है पहचान

● पेज 5

विश्वास News

पृथ्वी के पास से नहीं गुजरेंगी कॉस्मिक किरणें

विश्वास न्यूज की पड़ताल ● पेज 6

न्यूज गैलरी

राज-नीति ▶ पृष्ठ 4

मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की वैधता बरकरार

मुंबई : महाराष्ट्र सरकार द्वारा मराठा समाज को शिक्षा एवं नौकरियों में आरक्षण देने पर मुंबई उच्च न्यायालय ने मुहर लगा दी है। साथ ही सरकार द्वारा दी गई 16 फीसद की सीमा को कम करने का आदेश देते हुए इसे 12-13 फीसद पर लाने को कहा। उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद पूरे महाराष्ट्र का मराठा समाज जश्न के मूड में नजर आ रहा है। न्यायालय के बाहर मराठा समुदाय के लोगों ने 'जय मराठा, एक मराठा लाख मराठा' जैसे नारे लगाए।

नेशनल न्यूज ▶ पृष्ठ 5

लुधियाना सेंट्रल जेल में बवाल फायरिंग में एक कैदी की मौत

लुधियाना : लुधियाना सेंट्रल जेल में एक कैदी की मौत के बाद गुरुवार को बवाल हो गया। उग्र कैदियों ने सरिए और डंडों से पुलिस पर हमला कर दिया, ईंट पत्थर बरसाने के साथ ही रसोई गैस सिलेंडरों में आग लगा दी। हालात काबू करने के लिए पुलिस को गोलियां चलानी पड़ीं, जिसमें एक कैदी की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। झड़प में एक एसीपी, डीएसपी सहित दर्जन भर पुलिसकर्मियों और करीब दो दर्जन अन्य कैदियों को भी चोटें आई हैं।

क्रिकेट महाकुंभ
द. अफ्रीका vs श्रीलंका
दोपहर 3:00 बजे से
स्थान : चेस्टर ली स्ट्रीट
स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क

शांति बहाली तक कश्मीर में कोई ढील नहीं : शाह

राज्य ब्यूरो, श्रीनगर

- गृह मंत्री की दो टूक, घाटी में जारी रहेगी आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो टूक कहा है कि कश्मीर में स्थायी शांति, सुरक्षा एवं विश्वास के माहौल की स्थापना होने तक न तो कोई ढील दी जाएगी और न ही सुरक्षाबलों के अभियान में कमी होगी। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहने की बात करते हुए उन्होंने सुरक्षाबलों को टेरर फंडिंग के खिलाफ कड़े कदम उठाने के आदेश भी दिए हैं। साथ ही शाह ने कहा कि अलगाववादियों से मुख्यधारा के दायरे में आने तक कोई वार्ता नहीं होगी ।

गृहमंत्री बनने के बाद अपने पहले कश्मीर दौरे पर पहुंचे अमित शाह ने गुरुवार को शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआइसीसी) में राज्यपाल सत्यपाल मलिक के साथ संयुक्त रूप से एकीकृत मुख्यालय की बैठक में राज्य के आंतरिक सुरक्षा परिदृश्य और आतंकरोधी अभियानों की समीक्षा की। शाह ने कहा, कश्मीर घाटी में कानून का राज बहाल किया जाए। सुरक्षा एजेंसियां आपस में और जनता के साथ संवाद बढ़ाएं। उन्होंने कहा, पुलिस के शहीदों की उपेक्षा कतई नहीं होनी चाहिए। लोग उनके बलिदान को जानें-समझें और प्रेरित हों इसलिए उनके सम्मान में सार्वजनिक स्थलों का नामकरण उनके नाम पर किया जाए। उनके सम्मान में हर साल गांव व शहर में समारोह आयोजित किए जाएं।

बैठक में मौजूद गृहमंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, राज्यपाल के सलाहकार, राज्य के मुख्य सचिव, राज्य के पुलिस महानिदेशक, सेना की उत्तरी कमान के प्रमुख, 14, 15 व 16 कोर के कमांडर, सीआरपीएफ के महानिदेशक ,बीएसएफ, केंद्रीय खुफिया एजेंसियों और पुलिस के वरिष्ठ अफसर मौजूद रहे। बैठक के दौरान सेना और बीएसएफ के अफसरों ने शाह को घुसपैठ रोधी तंत्र और अंतरराष्ट्रीय सीमा की मौजूदा स्थिति से अवगत कराया। पुलिस, सीआरपीएफ और सेना के अधिकारियों ने आतंकरोधी अभियानों, विभिन्न हिस्सों में आतंकियों की मौजूदगी, अलगाववादियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान और राज्य में आए बदलाव एवं अन्य सुरक्षा चुनौतियों की विस्तार से जानकारी दी। यह भी बताया कि आतंकी संगठन पुलवामा कांड के बाद सुरक्षाबलों के सख्त रुख के कारण दबाव में हैं। कई बड़े आतंकी कमांडर मारे जा चुके हैं। ज्ञात हो, शाह बुधवार को दो दिनी दौरे पर श्रीनगर पहुंचे थे। उन्होंने अमरनाथ यात्रा के सुरक्षा कवच और राज्य में विकास योजनाओं की भी समीक्षा की। शाह ने श्रीनगर से रवाना होने के पहले कश्मीर घाटी के विभिन्न जिलों की ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की। गृहमंत्री ने उनकी दिक्कतों को सुना और उनके निदान का भरोसा दिया।

श्रीनगर में गुरुवार को ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान गृह मंत्री अमित शाह। साथ में हैं जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक। एएनआइ

शहीद इंस्पेक्टर के परिजनों से की मुलाकात : गृहमंत्री अमित शाह शहीद पुलिस के इंस्पेक्टर अरशद के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार शहीद के परिजनों की हरसंभव मदद करेगी। (पेज-6 भी देखें)

राशन के लिए अब 'एक राष्ट्र-एक कार्ड' योजना

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

- देश के किसी भी हिस्से में खुली दुकान से ले सकते हैं राशन
- कुछ राज्यों में यह व्यवस्था लागू, उपभोक्ताओं को हो रही सहूलियत

राशन कार्ड को आधार नंबर से जोड़ने से इस प्रणाली में चोरी व धांधली रोकने में जबर्दस्त सफलता मिली है। केंद्र सरकार ने अब उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए 'एक राष्ट्र-एक कार्ड' योजना शुरू करने का फैसला लिया है। इससे उपभोक्ता किसी दूसरे राज्य की किसी भी राशन दुकान से रियायती दरों पर अनाज उठा सकते हैं। इससे रोजी-रोटी और नौकरियों के लिए शहरों की ओर पलायन करने वाले उपभोक्ताओं को फायदा मिल सकेगा।

केंद्रीय खाद्य मंत्रालय ने गुरुवार को राज्यों के खाद्य सचिवों की बैठक बुलाई थी। इसी दौरान खाद्य मंत्री रामविलास पासवान ने 'एक राष्ट्र-एक कार्ड' योजना की बात कही। उन्होंने कहा, योजना से उपभोक्ताओं को किसी एक दुकान से बांधकर नहीं रखा जा सकता। इससे दुकानदारों की मनमानी व चोरी बंद करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने बताया कि आंध्र प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, राजस्थान, तेलंगाना और त्रिपुरा में यह कार्यक्रम इंटीग्रेटड मैनेजमेंट ऑफ पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के नाम से जाना जाता है। इस व्यवस्था में राज्य के भीतर किसी भी जिले से उपभोक्ता अपने हिस्से का राशन किसी भी दुकान से प्राप्त कर सकता है। राज्यों के खाद्य सचिवों को यह व्यवस्था बहुत अच्छी लगी जिसे सभी ने अपने राज्य में लागू करने की हामी भरी। बैठक में राशन प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया गया कि एफसीआइ, केंद्रीय भंडारण निगम, राज्य भंडारण निगम और निजी क्षेत्र के गोदामों में अनाज को ऑनलाइन कर दिया गया है।

फरीदाबाद में कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता की हत्या

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता विकास चौधरी को गुरुवार सुबह फरीदाबाद में दो हमलावरों ने उनकी फॉर्च्यूनर कार के अंदर ही गोलियों से छलनी कर दिया। विकास यहां सेक्टर-9 हुडा मार्केट स्थित जिम में सुबह कसरत करने आए थे। कार पार्क करते समय हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग की और फरार हो गए। जिम के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात कैद हुई है। पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें बनाई हैं। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्वीट कर संवेदना जताते हुए कानून व्यवस्था की स्थिति पर हरियाणा सरकार की निंदा की है। (पेज-2)

विकास चौधरी फाइल फोटो

मेरे इस्तीफे की पेशकश पर भी वरिष्ठ नेताओं को नहीं हुआ जवाबदेही का अहसास : राहुल

- कांग्रेस अध्यक्ष का पार्टी के मुख्यमंत्रियों और वरिष्ठ पदाधिकारियों पर बड़ा हमला

नई दिल्ली, प्रेट्र : लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद इस्तीफे पर अडिग पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि उन्हें इस बात का दुख है कि उनके अध्यक्ष पद से इस्तीफे की पेशकश के बाद भी कुछ मुख्यमंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं को जवाबदेही का अहसास नहीं हुआ।

राहुल ने गुरुवार को दिल्ली में अपने आवास पर हरियाणा इकाई के पदाधिकारियों से मुलाकात के दौरान उक्त बात कही। एक विश्वस्त सूत्र के मुताबिक, 'राहुल ने कहा कि वह इस बात से दुखी हैं कि उनके इस्तीफे की पेशकश के बावजूद पार्टी शासित राज्यों के कुछ मुख्यमंत्रियों, महासचिवों, प्रभारियों और वरिष्ठ नेताओं को जवाबदेही का अहसास नहीं हुआ।' ज्ञात हो, गांधी की यह टिप्पणी इस मायने में अहम है कि 25 मई को हुई कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में उन्होंने राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ को लेकर विशेष रूप से नाराजगी जाहिर की थी।

राहुल गांधी, ने यह भी कहा, 'मैं अब अध्यक्ष नहीं रहूंगा...पार्टी में लोकतांत्रिक प्रक्रिया होनी चाहिए। किसी दूसरे को जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। मैंने नए अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया से भी खुद को अलग करने का निर्णय लिया हैं। मैं पार्टी में सक्रिय रहूंगा और आपकी (युवाओं) तथा जनता की लड़ाई लड़ता रहूंगा।' उन्होंने कहा, मैं अपने फैसले पर अड़िग हूं। किसी सांसद के यह कहने पर कि इससे पार्टी में इस्तीफों का दौर शुरू हो जाएगा तो राहुल ने कहा कि यदि कोई पार्टी छोड़ना चाहता है तो वह स्वतंत्र है। मैं पार्टी में हूं और मैं कांग्रेस के लिए काम करता रहूंगा। 'राहुल बोले, बुजुर्ग नेताओं को अब अपने भविष्य की चिंता नहीं है, बल्कि युवाओं को चिंता है इसलिए अब कांग्रेस में भविष्य 45 वर्ष से कम आयु के नेताओं का है।' बैठक के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, अशोक तंवर उपस्थित थे।

तन्खा ने कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के प्रमुख के पद से दिया इस्तीफा : राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा ने कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कांग्रेस के नेताओं से अपील भी की है कि हम सभी को अपने पदों से इस्तीफे सौंप देना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को नए सिरे से अपनी टीम को गठित करने का अवसर दिया जाना चाहिए।

रिपोर्ट

दो दशक से अधिक समय बाद केंद्रीय जल आयोग के ताजा अध्ययन पर रिपोर्ट जारी, भारत में 1999 .20 बिलियन क्यूबिक मीटर है कुल जल उपलब्धता, गंगा बेसिन में पानी की उपलब्धता घटकर 509 बीसीएम हुई

देश में बढ़ी जल उपलब्धता, गंगा बेसिन में घटी

हरिकिशन शर्मा, नई दिल्ली

कई जिलों में गहराते जल संकट के बीच राहत की खबर यह है कि भारत में जल उपलब्धता बढ़कर 1999.20 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) हो गई है। हालांकि गंगा बेसिन में जल उपलब्धता घटी है और यह 525.02 बीसीएम से घटकर 509.52 बीसीएम पर आ गई है। खास बात यह है कि गंगा बेसिन के प्रवाह क्षेत्र में भी कमी आई है।

यह अहम जानकारी केंद्रीय जल आयोग की ताजा रिपोर्ट से मिली है। 'रिअसेसमेंट ऑफ वाटर अवेलेबिलिटी इन इंडिया यूजिंग स्पेस इनपुट्स' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट बुधवार को जारी हुई। इसमें सेटेलाइट का सहारा लेकर वर्ष 1985 से 2015 तक के आंकड़ों के आधार पर देश में जल की उपलब्धता का आकलन किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार देश में कुल जल उपलब्धता 1999.20 बीसीएम है। इससे पूर्व 1993 में भी जल उपलब्धता का आकलन किया गया था और उस समय यह 1869.35 बीसीएम बताई गई थी। इस तरह ताजा रिपोर्ट के अनुसार देश में उपलब्ध जल पहले से अधिक है। एक बीसीएम में एक हजार अरब लीटर होता है।

गंगा नदी फाइल फोटो

सीडब्ल्यूसी के ताजा अध्ययन के अनुसार गंगा बेसिन में जल उपलब्धता 509.52 बीसीएम बताई गई है जो 1993 में 525.02 बीसीएम थी। अर्थात गंगा बेसिन में जल उपलब्धता में 16 बीसीएम की कमी आई है। गंगा बेसिन में जल उपलब्धता में कमी क्यों आई है, इस बारे में रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कहा गया है, लेकिन यह जरूर बताया गया है कि 1985-2015 की अवधि में गंगा बेसिन में औसतन 914 बीसीएम बारिश हुई जबकि 1965-1984 की अवधि में गंगा बेसिन में 947 बीसीएम बारिश हुई थी। ऐसे में माना जा रहा है कि गंगा बेसिन में जल उपलब्धता घटने की वजह बारिश में कमी आना है। केंद्रीय जल आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवी पांड्या का कहना है कि हाल के वर्षों में जलवायु परिवर्तन के चलते तापमान बढ़ने से वाष्पीकरण होने तथा भूजल के अतिदोहन के चलते जल की उपलब्धता पर असर पड़ा है। नये अध्ययन के अनुसार, गंगा बेसिन का प्रवाह क्षेत्र यानी कैचमेंट एरिया भी 8,38,803 वर्ग किलोमीटर होने का अनुमान है जबकि 1993 में यह 8,61,452 वर्ग किलोमीटर बताया गया था। नई रिपोर्ट के अनुसार गंगा बेसिन का क्षेत्रफल भी कम हुआ है। गंगा बेसिन में गंगा, यमुना, गोमती और रामगंगा सहित कई नदियां शामिल हैं।

नये अध्ययन के अनुसार ब्रहमपुत्र बेसिन में भी जल उपलब्धता 527.28 बीसीएम बताई गई है जो 1993 में 537 बीसीएम बताई गई थी। हालांकि बराक नदी बेसिन में जल उपलब्धता पूर्व के अनुमान की अपेक्षा ताजा अध्ययन में अधिक बताई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में पानी की कमी नहीं है लेकिन उपेक्षा और जल संसाधन विकास परियोजनाओं की निगरानी के अभाव के चलते देश के कई इलाकों को आज पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। अगर इस क्षेत्र को ऐसे ही नजरंदाज किया गया तो भविष्य में पानी की कमी का सामना करना पड़ेगा।

स्विट्जरलैंड ने नीरव और पूर्वी के बैंक खाते किए फ्रीज

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

ब्रिटेन की जेल में बंद भगोड़े हीरा कारोबारी और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले के आरोपी नीरव मोदी पर जांच एजेंसियों का शिकंजा और कसता जा रहा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अनुरोध पर स्विट्जरलैंड ने नीरव मोदी और उसकी बहन पूर्वी मोदी के चार बैंक खातों से लेन-देन पर रोक लगा दी है। इन खातों में 283.16 करोड़ रुपये जमा हैं। नीरव और उसका मामा मेहुल चोकसी पीएनबी के 13.4 हजार करोड़ रुपये के घोटाले में आरोपित हैं।

स्विट्जरलैंड स्थित बैंकों ने गुरुवार को ईडी को नीरव और उसकी बहन के चार खातों को फ्रीज किए जाने की जानकारी दी। ईडी ने इन खातों में पीएनबी घोटाले से जुड़े 283.16 करोड़ रुपये जमा होने का सुबूत दिया था और उन्हें सील करने की मांग की थी। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जल्द ही स्विट्जरलैंड में इन खातों में जमा रकम को जब्त करने की कार्रवाई की शुरू की जाएगी। एक बार खातों में रकम जब्त होने के बाद फिर उसे भारत वापस लाने की कार्रवाई शुरू होगी। नीरव के खिलाफ मनी लांड्रिंग की जांच चल रही है। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले ही एंटीगुआ के प्रधानमंत्री ने जानकारी दी कि पीएनबी बैंक घोटाले में आरोपित मेहुल चोकसी को दी गई नागरिकता रद की जा रही है और इसके बाद उसके भारत प्रत्यर्पण की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

नीरव मोदी फाइल फोटो

नीरव व उसकी बहन के चार खाते में जमा हैं 283.16 करोड़ रुपये

25 जुलाई तक लंदन की जेल में रहेगा भगोड़ा हीरा कारोबारी नीरव पेज>>3

सेमीफाइनल के करीब भारतीय टीम

अभिषेक त्रिपाठी, मैनचेस्टर : 1996, 2011, 2015 और अब 2019... विश्व कप में लगातार चौथी बार भारत ने कैरेबियाई टीम को धूल चटाई। भारतीय दर्शकों से पटे ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में भारत ने मैन ऑफ द मैच कप्तान विराट कोहली (72), महेंद्र सिंह धौनी (नाबाद 56) और केएल राहुल (48) की पारियों की बदौलत 50 ओवर में सात विकेट पर 268 रन बनाए। इसके बाद मुहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह ने क्रिस गेल, हेटमायर और ब्रेथवेट जैसे बिग हिटर को अपने जाल में कैद कर दिया। और वेस्टइंडीज की टीम 34.2 ओवर में 143 रन पर ऑलआउट हो गई। इस टूर्नामेंट के छह मैचों में पांचवीं जीत हासिल करने के बाद टीम इंडिया अब सेमीफाइनल से सिर्फ एक कदम दूर है, जबकि वेस्टइंडीज अंतिम-चार की दौड़ से बाहर हो गई है। भारत 11 अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे नंबर पर है और उसके तीन मैच बाकी हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला बारिश के कारण रद हो गया था। भारत का अगला मुकाबला रविवार को बर्मिंघम में इंग्लैंड से होगा। (पेज-12 भी देखें)